विचारार्थ विषय
परामर्शदाता-सार्वजनिक स्वास्थ्य (प्रशिक्षण व समन्वयन)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं व उत्तरदायित्वः

- कार्यक्रम की आवश्यकताओं की तुलना में स्वास्थ्य कार्यबल हेतु प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम टीम के साथ मिलकर करना।
- कार्यक्रम की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कार्यनीति का विकास करना।
- प्रशिक्षण मॉड्यूलों की अपडेटिंग में सहयोग देना व समन्वयन करना तथा राज्यों को प्रसारित करना।
- प्रशिक्षण संबंधी सामग्रियों के व्यापक प्रसार हेतु ई-लर्निंग जैसी अभिनव प्रशिक्षण विधि का विकास करना व कार्यान्वयन करना।
- अन्य संबंधित स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रशिक्षण योजनाओं के साथ समन्वयन में एनपीसीडीसेस हेतु प्रशइक्षण योजनाओं व प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करने के लिए राज्यों को सहयोग देना।
- गुणवत्ता व विषय वस्तु हेतु राज्यों के प्रशिक्षणों की निगरानी करना व आवश्यकतानुसार सुधार के लिए फीडबैक देना।
- प्रशिक्षण कार्यक्रमों के मूल्यांकन हेतु साधनों का विकास करना तथा प्रशिक्षण मूल्यांकन करने में राज्यों को सहयोग देना।
- राज्य स्तर पर होने वाले प्रशिक्षणों की व्यापक रिपोर्ट का संकलन करना व तैयार करना तथा आवश्यकतानुसार संशोधनों का सुझाव देना।
- मसौदा राज्य पीआईपी के अंतर्गत एनपीसीडीसीएस के तहत सम्मिलित प्रशिक्षण घटकों की समीक्षा करना व टिप्पणी देना।
- नियत क्षेत्रों के अंदर अतिरिक्त तकनीकी भूमिकाएं (प्रकाशन, अध्ययन आदि)
- समय-समय पर सौंपे जाने वाले कोई अन्य कार्य।

अनिवार्य अर्हता व अनुभवः

क) एमबीबीएस के साथ कम्युनिटी मेडिसिन/कम्युनिटी हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन/जन स्वास्थ्य में एमडी

ख) स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के बाद कम से कम दो वर्ष का अनुभव।

ग) राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर शिक्षण/प्रशिक्षण संस्थान या सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्य करने का अनुभव।

आयु सीमाः 45 वर्ष/सेवानिवृत्ति सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारी 62 वर्ष की आयु तक आवेदन करने के लिए योग्य हैं।
पारितोषिकः 60,000-80,000 प्रतिमाह (समेकित)
रिपोर्टिंग अधिकारीः एडवाइजर (एनसीडी)/निदेशक (एनसीडी), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय।
तैनाती का स्थानः नई दिल्ली।

नोटः

(i) आवेदक को डेटा संग्रहण मूलभूत विश्लेषण, इंटरनेट प्रयोग व प्रजेन्टेशन हेतु वर्ड्स प्रोसेसिंग वर्कशीट्स के कम्प्यूटर के प्रयोग की जानकारी होनी चाहिए।
(ii) आवेदक निगरानी व पर्यवेक्षण हेतु बड़े पैमाने पर दौरा करने के लिए सक्षम होना चाहिए।
(iii) आयु सीमाः आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख के अनुसार।
(iv) कार्यकालः पद पर नियुक्ति से 1 वर्ष तक।
(v) अर्हता व अनुभव के आधार पर दी गई सीमा के अंदर पारितोषिक को निर्धारित किया जाएगा।

नोटः इस कार्यकाल को प्राथमिकता व आपसी सहमति वाली शर्तों के अनुसार नियमों व स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **6-Jun-2018** तक ncd.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।